Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Paswan Shri Sukdeo

an>

Title : Need to start work on Katihar –Jogbani broad gauge railway line.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, कटिहार-जोगबनी बड़ी लाइन रेल सेवा 2005 में ही चालू होनी थी, किंतु सरकार की गलत नीतियों के कारण यह सेवा अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इस साल भी बजट में इस रेलवे लाइन को पूरा करने के लिए पर्याप्त राशि आबंटित नहीं की गयी है। वैसे ही मेरा संसदीय क्षेत्र अररिया राज्य का अत्यंत पिछड़ा इलाका है। नेपाल से सटे होने के कारण माओवादी गतिविधि भी तेज रहती है। विकास के नाम पर इस क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हो रहा है। अगर बड़ी रेल लाइन चालू हो जाती है तो लोगों की रोजी-रोटी का एक साधन हो जायेगा।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि कटिहार-जोगबनी बड़ी रेल लाइन सेवा को अविलम्ब शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठायें।